**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा– लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता– आई.जी.एम.सी. शिमला के स्त्री रोग विभाग में महिलाओं को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रदेश दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने शिमला में की उच्च स्तरीय बैठक– सभी विभागों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश।
- केंद्र सरकार ने कहा– देशभर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू रूप से जारी– इस महीने बेचे गए एक लाख 47 हज़ार सिलेंडर।
- सांसद सिकंदर कुमार ने राज्य सरकार पर अपने फैसलों से पलटने का लगाया आरोप।
- ऊना में प्रवासी मज़दूरों की बस्ती में अग्निकांड से 40 झुग्गियां जलकर राख– कोई जानी नुकसान नहीं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने को वचनबद्ध है और सभी अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने आज शिमला में कहा कि केंद्र सरकार ने मातृ–शिशु अस्पताल अलग बनाने और हिमाचल में भी इसकी शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से स्त्री रोग विभाग को आई.जी.एम.सी. शिमला में स्थानांतरित करने से महिलाओं को रोबोटिक तकनीक से अच्छा ईलाज मिलेगा। उन्होंने इसे लेकर कुछ संगठनों और डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को गलत बताया।

## राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से अपने 6 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर शिमला पहुंचेंगी। वे शिमला के निकट छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति का 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई को शिमला से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।                    राष्ट्रपति के दौरे को लेकर मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने आज शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों व

एजेंसियों को आपसी तालमेल से काम करने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

## पश्चिम एशिया ब्रीफिंग

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एल.पी.जी आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और किसी भी वितरक के यहां आपूर्ति की कमी नहीं हुई है। नई दिल्ली में आज अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और इस महीने अब तक एक लाख 47 हजार से अधिक एलपीजी सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कल पांच किलो के 81 हजार से अधिक एलपीजी सिलेन्डर बेचे गये। सुजाता शर्मा ने बताया कि लगभग पांच लाख 27 हजार पी.एन.जी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं।

## पंचायती राज दिवस

देश में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। यह 1992 के 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन का प्रतीक है, जो 1993 में लागू हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायतीराज दिवस के अवसर पर देशभर के जनप्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने राज्य सरकार पर अपने फैसलों से पलटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बार–बार फैसलों को बदलना मुख्यमंत्री की राजनीति व प्रशासन पर कमज़ोर पकड़ को दर्शाता है। सिकंदर कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने एक सौ 25 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा चुनिंदा वर्गों के लिए बंद करने का निर्णय लिया था, लेकिन बाद में इसे वापिस लेना पड़ा। इसी प्रकार प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के वेतन से कटौती के निर्णय को भी सरकार ने वापिस लिया है। सांसद ने कहा कि कहा कि इससे लोगों के बीच में ये संदेश जा रहा है कि सचिवालय में बैठे अधिकारी व सलाहकार मुख्यमंत्री को सही फीडबैक नहीं दे रहे हैं।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

**आग**

ऊना शहर के लालसिंगी इलाके में आज दोपहर प्रवासी मज़दूरों की 40 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। दमकल विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। डी.एस.पी. अजय कुमार ने बताया कि आग के कारणों की जांच की जा रही है। इस अग्निकांड में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि घटना के समय ये प्रवासी मज़दूर गेहूं की कटाई करने गए थे।

**शहरी निकाय**

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और मतदान को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर परिषद नाहन में लगभग 20 हज़ार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उम्मीदवार 29 व 30 अप्रैल और 2 मई को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नाहन के एस.डी.एम. राजीव सांख्यान ने बताया कि शहर में 18 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

**रक्तदान**

संत निरंकारी मिशन द्वारा आज देश भर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सोलन में भी रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की टीम ने रक्त एकत्रित किया। इस दौरान एक सौ 10 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। मिशन के कार्यक्रम संयोजक नरेश धीमान ने बताया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए मिशन द्वारा ऐसे कार्यक्रम किए जाते हैं और रक्तदान ही महादान है।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक ज़िलों में कल से मौसम के करवट लेने की संभावना है, जिसके चलते अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात जबकि अन्य भागों में वर्षा का अनुमान है। इसके अलावा कांगड़ा, शिमला, कुल्लू और कुछ अन्य मैदानी इलाकों में अंधड़ का अलर्ट जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य में 28 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने कहा– लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता– आई.जी. एम.सी. शिमला के स्त्री रोग विभाग में महिलाओं को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रदेश दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने शिमला में की उच्च स्तरीय बैठक– सभी विभागों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश।
- केंद्र सरकार ने कहा– देशभर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू रूप से जारी– इस महीने बेचे गए एक लाख 47 हज़ार सिलेंडर।
- सांसद सिकंदर कुमार ने राज्य सरकार पर अपने फैसलों से पलटने का लगाया आरोप।

- ऊना में प्रवासी मज़दूरों की बस्ती में अग्निकांड से 40 झुग्गियां जलकर राख– कोई जानी नुकसान नहीं।

-----------------------------------------------------------------------------------------